Mar Thoma Residential School, Thiruvalla

First Terminal Examination - 2019

Marks 80

Time 3 hrs

class IX

# हिन्दी

Attempt all the questions from section A and answer any four questions from section B

## Section A [40 Marks]

Question 1 Write a short composition (250 words) on any one of the following topics. [15]

किसी एक विषय पर लेख लिखिए :-

1 आपकी प्रिय ऋतु कौनसी है और क्यों ? इस ऋतु में मनाए जाने वाले त्योहारों का महत्त्व बताइए।

2. 'प्रकृति का संदेश' शीर्षक से एक प्रस्ताव लिखिए और बताइए कि मनुष्य को प्रकृति से क्या शिक्षाएँ ग्रहण करनी चाहिए।

3. प्रातःकालीन भ्रमण से क्या-क्या लाभ है ? क्या आप प्रातः भ्रमण के लिए जाते हैं। बताइए कि प्रातःकाल का दृश्य कैसा होता है ?

4 समय-समय पर आने वाले त्योहार जीवन में उल्लास और उमंग का संचार करते हैं। साथ ही हमें अपनी संस्कृति से भी जोड़े रखते हैं, परंतु आज त्योहारों के प्रति लोगों की मानसिकता बदल रही है।

5. "आपसी प्रेम ही सुखद जीवन का आधार है", क्या आप इससे सहमत है ? अपने विचार स्पष्ट कीजिए।

Question 2 Write a letter [120 words] on any one of the to[pics]

किसी एक विषय पर पत्र लिखिए :- [7]

1 आप अपनी छुट्टियां चाचा-चाची के साथ बिताना चाहते हैं, कि दूसरे शहर में रहते हैं। अपने पहुँचने की सूचना देते हुए लिखिए और बताइए कि आप अपनी छुट्टियां किस तरह बिताना [चाहते] हैं।

2 आपके क्षेत्र में सड़कों पर बहुत अधिक पानी जमा हो जाता है, क्योंकि अधिकांश सड़के टूटी हुई हैं। परिस्थिति की पूर्ण जानकारी देते हु[ए] नगर-निगम के अधिकारी को शिकायती पत्र लिखिए।

Question-3 Read the Passage and answer the question[s]

गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- [

जिस प्रकार अन्न और जल मनुष्य के शरीर के लिए भोजन का काम दे[ता है] उसी तरह पुस्तकों का अध्ययन आत्मा की तृप्ति करता हैं। पुस्तकों [के अध्ययन] से मनुष्य की आत्मिक भूख शांत होती है जिससे उसे अपार शांति मि[लती] है और वह सांसारिक दुखो से जरा भी नहीं डगमगाता। पुस्तकें [मनुष्य] की सच्ची मित्र है। ये इतना कल्याण कर सकती हैं, जितना प्रि[य मित्र] भी नहीं कर सकता। जब चारों ओर से विपत्ति के बांदल छा [जाते] हैं और बचने का कोई सहारा दिखाई नही देता, तब पुस्तके [ही] सच्चा संदेश सुनाकर रास्ता दिखाती हैं और कर्तव्य से डिगने नहीं [देतीं]।

इसमें संदेह नहीं कि सारी पुस्तके लाभदायक नहीं [होतीं]। जिस प्रकार संसार में भिन्न-भिन्न प्रकार के मनुष्य हैं, उसी प्रकार भि[न्न-भिन्न] प्रकार की पुस्तकें। अधिकांश पुस्तकों की रचना भलाई के लिए

होती है, किंतु कुछ पुस्तकों की नींव स्वार्थ एवं आत्मलिप्सा पर होती है। ऐसी परिस्थिति में उल्टे लेने के देने पड़ जाते हैं और एक बार रास्ते से भटक जाने पर लौटकर आना कठिन हो जाता है। इसलिए प्रत्येक को पुस्तकों के चुनाव में विशेष सावधानी से काम लेना चाहिए तभी लाभ हो सकता है।

1. मनुष्य के लिए पुस्तकों का अध्ययन क्यों आवश्यक है?
2. मनुष्य का सच्चा मित्र कौन है? कैसे?
3. पुस्तकें विपत्ति में मनुष्य की किस प्रकार सहायता करती है?
4. क्या सब प्रकार की पुस्तकें पढ़ने योग्य होती है? क्यों?
5. पुस्तकों का चुनाव करते समय क्या ध्यान रखना चाहिए?

Question - 4

Answer the following according to the instructions given. [8]

निर्देशानुसार उत्तर लिखिए :-

i पर्यायवाची शब्द लिखिए :-

1. अहंकार  2. अतिथि

ii विलोम शब्द लिखिए :-

1. अल्पायु  2. अमर

iii मुहावरे से वाक्य बनाइए :-

1. अपने पैर पर आप कुल्हाड़ी मारना

iv वचन बदलकर वाक्य पुन: लिखिए :-

लड़की कविता पढ़ रही है।

v. वाक्य को भूतकाल में बदलिए :-

यात्री धर्मशाला में विश्राम करते हैं।

VI वाक्य को स्त्रीलिंग में बदलिए :-

1. विद्वान पुरुष सम्राट के साथ रहता है।

VII रेखांकित शब्दों के स्थान पर एक शब्द का प्रयोग कीजि

1. मेरी यह कविता किसी की <u>नकल नहीं</u> है।

---

## Section B [40 Marks]

---

### नया रास्ता

Read the extract and answer the questions

दिए गए गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

**Question-5**

पत्र लिखने के बाद पिताजी को लगा कि शायद उनसे कोई घो अपराध हो गया है, उनकी मन:स्थिति विकल हो गई।

I. इस अपराध का कारण क्या था?

ii मायारामजी किस प्रकार के व्यक्ति थे? उनके यहाँ कौन आया था और

iii मायाराम जी ने उनको क्या जवाब दिया?

iv मायाराम जी की किसके सामने एक न चली और क्यों?

**Question-6**

मायाराम जी के घर में चर्चा का विषय था - धनीमल जी व उनकी बे सरिता। अमित की माँ हमेशा धनीमल की प्रशंसा करती रहती। परंतु अमित को इन सब बातों में कोई रुचि नहीं थी।

i. मायाराम जी के घर में चर्चा का विषय क्या था? ऐसा क्यों था?

ii अमित की माँ का धनीमल जी के बारे में क्या विचार था

iii अमित को इन बातों में रुचि क्यों नहीं थी और मीनू के
अमित ने माँ से क्या कहा?

iv अमित की माँ ने अमित की बात को काट कर क्या तर्क दिये ?

Question-7 "ये सभी व्यंग्य अमित चुपचाप सुनता रहा। पढ़ा-लिखा नवयुवक होने के बाद भी उसमें इतना साहस न था कि माँ की बात का विरोध कर पाता।"

i. व्यंग्य कौन कर रहा था और क्यों ?

ii अमित कौन है ? उसकी उदासी का कारण बताइए ?

iii सरिता का परिचय दीजिए और यह भी बताइए कि अमित उसे पसंद क्यों नहीं करता था ?

iv अमित की माँ एक पक्षीय निर्णय करने के लिए क्यों उतावली हो रही थी ?

## एकांकी संचय

Question-8 'माँ, संतान का पालन माँ-बाप का नैतिक कर्तव्य है। वे किसी पर एहसान नहीं करते, केवल शब्द का ऋण चुकाते हैं।'

i. वक्ता कौन है ? वक्ता ने श्रोता से कौन-सी बात कब कही ?

ii माँ वक्ता की बात से सहमत क्यों नहीं थी ?

iii माँ क्या प्राप्त करना चाहती थी और क्यों ?

iv वक्ता ने यह कथन किस सन्दर्भ में कहा है ?

Question-9 "तू एक बार मुझे उसके पास ले चल। वह निर्मम है, पर मैं माँ हूँ, मुझे निर्मम नहीं होना चाहिए।"

i. वक्ता कौन है और वह किससे किसके पास ले चलने की बात कह रही है ?

ii निर्मम कौन है और क्यों !

iii माँ उसके पास जाने के लिए व्याकुल क्यों थी !

IV उक्त कथन से माँ की किस भावना का पता चलता है ?

Question 10

"यदि मैं कमला को लिए बिना ही गया तो माँ का हृदय टूट जाए

1. वक्ता और श्रोता कौन है ? वक्ता और श्रोता का कमला से क
सम्बन्ध है !

ii जीवनलाल कमला को मायके क्यों नहीं भेजना चाहता था ?

iii वक्ता कमला को मायके क्यों ले जाना चाहता था !

IV कमला के मायके न जाने पर किसका दिल टूट जायेगा अ
क्यों ?